_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date- 2.05.2024 Class - V
Subject- Hindi Literature Page - 1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

Answer key

पाठ - 2 'छींकने वाला वृक्ष'

1. संक्षेप में

उत्तर- (क) कचरा और गंदा पानी इकट्ठा होने के कारण वृक्ष के आस-पास दुर्गंध आती थी।

उत्तर- (ख) पेड़ पर लगातार गंदा पानी गिरने से पेड़ के पत्ते सड़ने लगे, तने की छाल चिपचिपी हो गई, काई जम गई इसलिए पक्षी और अन्य जीव वृक्ष को छोड़कर चले गए।

उत्तर (ग) वर्षा ऋतु आने पर नाले में गंदे पानी का स्तर बढ़ने लगा, जिससे आस-पास के घरों में गंदा पानी भरने लगा।

उत्तर (घ) इस पंक्ति का अर्थ यह है कि वर्षा ऋतु आने पर खूब बारिश हुई, जिससे वृक्ष के आस-पास की गंदगी धुल चुकी थी। अब वृक्ष फिर से स्वस्थ हो गया। उस पर नई कोंपलें आने लगीं और वह फिर से हरा-भरा हो गया।

2. विस्तार से -

उत्तर (क) वृक्ष के आस-पास बहुत कचरा गंदगी और

__/__/____

Date 2.05.2024 Class- V
Subject- Hindi Literature Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

बदबूदार पानी इकट्ठा हो गया था। जिसके कारण बच्चे, पक्षी तथा अन्य लोग भी वृक्ष के पास नहीं जाते थे। इस कारण वृक्ष अकेलापन महसूस करता था। यही उसकी उदासी का कारण था।

उत्तर (ख) निरंतर गंदे पानी का रिसाव और कूड़ा- करकट वृक्ष के आस- पास होने के कारण उसकी शक्ति क्षीण हो गई थी। असहनीय दुर्गंध के कारण वह बीमार हो गया था तथा छींकता ही रहता था। सबसे परेशानी की बात तो यह थी कि अकेलापन उससे सहन नहीं होता था।

उत्तर (ग) गाँव वालों ने वृक्ष की दशा सुधारने के लिए एक नए नाले का निर्माण किया तथा गंदे पानी का बहाव उसकी ओर कर दिया। ऐसा करने से वृक्ष के ऊपर गंदा पानी गिरना बंद हो गया और धीरे- धीरे वृक्ष फिर से हरा-भरा हो गया।

Last page